महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने कक्षा 10वीं की परीक्षाएं निरस्त की, 12वीं की परीक्षाएं स्थगित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कोरोना महामारी की वर्तमान परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10वीं की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रोफेसर व्ही.के.गोयल द्वारा इस सम्बन्ध में जारी आदेश में उल्लेखित है कि मंडल द्वारा जारी असाइनमेंट के आधार पर विद्यार्थियों को अंक प्रदाय किये जायेंगे । यदि किसी छात्र ने असाइनमेंट नहीं किये हैं या असाइनमेंट में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त नहीं किये हैं, तो ऐसी स्थिति में उसे न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्रदाय किये जायेंगे । यदि कोई विद्यार्थी प्रासांकों से असंतुष्ट रहता है तो कोरोना महामारी नियंत्रित होने के पश्चात् उसे श्रेणी सुधार हेतु परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जायेगी। आदेश में उल्लेखित है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 3 मई 2021 से 24 मई 2021 तक आयोजित होने वाली कक्षा 12वीं की परीक्षाएं स्थगित की जाती है । कोरोना महामारी की परिस्थिति में सुधार कें पश्चात् नई समय सारिणी जारी की जायेगी।

नशीली इंजेक्शन एवं टेबलेट बेचते एक गिरफ्तार,एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज

बिलासपुर (आरएनएस)। नशे का इंजेक्शन तथा टेबलेट बेचने की सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके से बड़ी मात्रा में नशीला टेबलेट एवं इंजेक्शन जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले के तोरवा थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 21 अप्रैल को शाम 5 बजे बताए हुये स्थान लाल खादान जानकी मेडिकल के पीछे अपने घर के बाहर एक व्यक्ति अवैध रुप से नशीली लूपी इंजेक्शन एवं नाईट्रा गोली बेचते पाए जाने पर आरोपी को पकड़ नाम पता पुछने पर अपना नाम दुखीराम यादव उर्फ बाठुल 37 वर्ष पिता जेठू यादव बताया है। आरोपी के पास से 55 नग लूपी जेसिक इंजेक्शन एवं 60 नग गोली ,एविल 29 नग तथा बिक्री 6.30 रुपये बरामद की है। आरोपी के पास से कुल 2540 रुपये की नशीली दवाई तथा इंजेक्शन सहित नगदी रुपये जब्त की गई है। नशीली दवाई बेचते पाए जाने पर उसके खिलाफ धारा 21,22 एनडीपीसी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाही की गई है।

आकाशीय बिजली गिरने से 33 मवेशियों की मौत

बस्तर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के छिंदगड़ ब्लॉक में आकाशीय बिजली गिरने से 33 मवेशियों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कल मौसम बदलने के दौरान छिंदगढ़ ब्लॉक में खेत में चर रही 33 मवेशी बारिश के पानी से बचने के लिए एक पेड़ के पास झुंड में खड़ी थी इसी दौरान आकाशीय बिजली उनके ऊपर आ गिरी जिससे सभी मवेशियों की मौत हो गई। मवेशियों में बछड़े भी थे।

बीमार पत्नी को छोड़ प्रेमिका के साथ फरार हुआ पति

जगदलपुर (आरएनएस)। बीमार पत्नि को इलाज करवाने के नाम पर कोंडागांव से यहां लाकर अपनी प्रेमिका को लेकर भाग जाने वाले पति की तलाश पुलिस कर रही है। महिला फूलबती ने बताया कि तब से वह यहां से वहां भटक रही है, उसके पास कोंडागांव जाने के लिए किराया के पैसे भी नहीं है। फूलबती को डायल 112 ने सुरक्षित घर पहुंचने लिए जीवन ट्रैवल्स बस में बैठा कर रवाना किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक धरमपुरा-01 कैलाश होटल के पास एक महिला के रोते हुए रास्ता भटकने की सूचना डायल 112 को मिली। मौके पर पहुंची टीम को पूछताछ पर महिला ने अपना नाम फूलबत्ती विश्वकर्मा पति संतु विश्वकर्मा निवासी कोंडागांव बताया। उसने यह भी बताया कि उसका पति उसे एक हफ्ता पहले इलाज के लिए लाकर महारानी हॉस्पिटल में भर्ती किया। मेरे पति का दूसरी लड़की से संबंध होने के कारण वह उसे छोड़कर प्रेमिका को लेकर फरार हो गया है।

कोरोना संक्रमित दंपति के घर 40 हजार की चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। लॉकडाउन के दौरान भी नही रुक रही है चोरी अस्पताल में भर्ती कोविड संक्रमित पति-पत्नी के घर का ताला तोड़कर बैग में रखा नगदी 40 हजार रुपये चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिविललाईन गली 03 के पास कटोराताला सिविललाईन निवासी सुनील चौधरी 30 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी किराये के मकान में रहकर जुता-चप्पल रिपेयर का काम करता है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को निःशुल्क मिलेगा मई और जून माह का खाद्यान्न : मुख्यमंत्री भूपेश

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में कोरोना महामारी के नियंत्रण, उपचार एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के संबंध में महापौर, कलेक्टर एवं निगम आयुक्तों की वर्चुअल बैठक लेकर अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की गंभीर चुनौती हमारे सामने है। राज्य के नगरीय इलाकों में विशेषकर नगर निगम क्षेत्रों में कोरोना संक्रमितों की संख्या अत्यधिक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में निगम क्षेत्रों में साफ-सफाई, मेडिकल वेस्ट के निष्पादन, होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को दवाओं तथा राशन, फल-सब्जी के आपूर्ति की व्यवस्था की बड़ी

जिम्मेदारी नगर निगमों पर है। उन्होंने कोरोना संकट काल में उक्त जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोरोना की चुनौती से निपटने के लिए हम सबको बिना थके, बिना रूके सामंजस्य के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि कोरोना के मरीजों को उनके जरूरत के अनुरूप रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति अस्पतालों के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन एवं अन्य उपचारात्मक व्यवस्थाओं के संबंध में मिली शिकायत पर नाराजगी जताई और अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्रीमती रेणु जी. पिल्ले को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी चिकित्सालयों में अग्निशमन की व्यवस्था की जांच-पड़ताल के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना लक्षण वाले लोगों को तत्काल दवाओं की किट प्रदाय किए जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कोरोना से संक्रमित ऐसे लोग, जो होम आइसोलेशन में रहकर उपचार करा रहे हैं, उनके परिजनों को संक्रमण से बचाने के लिए मार्गदर्शन एवं एहतियाती तौर पर आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कोरोना संकट काल में राज्य के सार्वजनिक वितरण प्रणाली उपभोक्ताओं को मई एवं जून माह का राशन एक साथ निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लॉकडाउन की अवधि में राजनीतिक दल और दानदाताओं के सहयोग से जरूरतमंदों को सूखा राशन एवं गर्म भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टरों एवं निगम आयुक्तों को दिए। मुख्यमंत्री ने बाहर से आने वाले श्रमिकों एवं अन्य लोगों की कोरोना टेस्टिंग की व्यवस्था के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिए रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडो, एवं राज्य के सीमावर्ती चेक पोस्टों पर कोरोना टेस्टिंग टीम अनिवार्य रूप से तैनात की जानी चाहिए। बिना टेस्टिंग बाहर से आने वाले को राज्य की सीमा में प्रवेश न दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि नगर निगमों को उनके प्रस्ताव के अनुसार इलेक्ट्रिक शवदाह गृह की स्थापना की मंजूरी दी जाएगी। राज्य सरकार द्वारा आगामी एक मई से राज्य में 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों को कोरोना का टीका लगाए जाने के निर्णय के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की कमेटी गठित किए जाने तथा टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

केन्द्र एवं राज्य सरकारों से कोरोना वैक्सीन हेतु लिया जाये समान दर, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के लिये वैक्सीन की राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क व्यवस्था करते हुए बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन कार्यक्रम संचालित करने हेतु वृहद कार्य योजना तैयार करने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने मांग किया है कि वैक्सीन के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारों से समान दरें ली जाये।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में उल्लेख किया है कि भारत सरकार के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के 1 मई 2021 से वैक्सीनेशन किये जाने के निर्णय के परिपेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि भारत सरकार से प्राप्त होने वाली वैक्सीन के अतिरिक्त शेष 18 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के लिये वैक्सीन की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क की जायेगी। बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन कार्यक्रम संचालित करने हेतु वृहद कार्य योजना तैयार करना आवश्यक है। 1 मई 2021 आने में 9 दिनों से भी कम समय शेष है।

अतः भारत सरकार की ओर से राज्य को माहवार प्रदाय की जाने वाली वैक्सीन की संख्या, सीरम इन्स्टीट्यूट एवं भारत बायोटेक द्वारा राज्य को माहवार उपलब्ध करायी जाने वाली वैक्सीन की अनुमानित संख्या, सीरम इन्स्टीट्यूट एवं भारत बायोटेक द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार को उपलब्ध करायी जाने वाली वैक्सीन की दरों के संबंध में भारत सरकार से त्वरित जानकारी अपेक्षित है।

पुलिस ने रोका दूधवालों को विरोध में 300 लीटर दूध सड़क में बहाया

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले में लॉकडाउन के चलते पुलिस सड़क पर तैनात है, चौक-चौराहों की निगरानी की जा रही है। आज सुबह जब दूधवाले दूध बांटने निकले तो पुलिस ने उनकी गाड़ियों को पकड़ लिया। दूध बेचने जा रहे लोगों ने बताया कि उनके पास रखा दूध कुछ ही घंटों में फट कर खराब हो जाएगा इसलिए वे बेचने जा रहे हैं। जब पुलिस ने उनकी बात नहीं मानी तो सभी सिटी कोतवाली के पास पुराना बस स्टैंड पर जमा हो गए और पुलिस के रवैय्ये से नाराज दूधवालों ने अपने पास रखे 300

लीटर दूध को सड़क पर ही बहा दिया।

दूध बांटने जा रहे दूधवालों ने बताया कि लॉकडाउन के कारण हम पशुपालकों के सामने जीवन-यापन का प्रश्न खड़ा हो गया है। आज सुबह हम जब दूध देने जा रहे थे तो पुलिस वालों ने हमारी गाड़ियां रोक ली और हमें दूध बांटने से मना कर दिया। दूध कुछ ही घंटों में फट कर खराब हो जाता और किसी काम नहीं आता इसलिए हमें 300 लीटर दूध को सड़क पर ही बहा दिया। जब कि लॉकडाउन के दौरान दूध बेचने के लिए समय निर्धारित है, इसमें कुछ देर होने पर पुलिस का रवैय्या उचित प्रतीत नही होता है। लोगों को लॉकडाउन से होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए काम करना चाहिए लेकिन ऐसा होता दिखाई नही दे रहा है।

मंत्री लखमा ने कोरोना से निपटने विभाग के अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

» ऑक्सीजन आपूर्ति संबंधित कार्रवाई की ली जानकारी

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के वाणिज्यिक कर (आबकारी) एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने आज राज्य के सभी जिले के विभागीय अधिकारियों के साथ कोरोना संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा कोरोना मरीजों के लिए मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी तथा लॉकडाउन में अवैध शराब की रोकथाम करने के निर्देश दिए।

उद्योग मंत्री लखमा ने सुकमा जिला मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े विभागीय अधिकारियों से प्रदेश एवं जिले

में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के उद्योगों से कोरोना मरीजों के लिए मेडिकल ऑक्सीजन आपूर्ति संबंधी की गई कार्यवाही की विस्तार से जानकारी ली। मंत्री श्री लखमा ने लॉकडाउन के दौरान उद्योग की स्थिति जिसमें वर्तमान में कितने उद्योग संचालित है, संचालित उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क एवं सेनेटाईजर का उपयोग जरूरी तौर पर करने तथा कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों की नियमित स्वास्थ्य संबंधी जांच कराने को कहा। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान राज्य में लॉकडाउन के समय अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाई जाए साथ ही अन्य राज्यों से आने वाले शराब तथा राज्य में बनने वाले अवैध शराब की रोकथाम के लिए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

विभागीय समीक्षा में मंत्री लखमा ने विभाग के 45 वर्ष से अधिक आयु के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वैक्सीनेशन पूर्ण कराने एवं 18 से 45 वर्ष के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची तैयार करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को सोशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाइजर एवं मास्क का नियमित उपयोग करना चाहिए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। मंत्री लखमा ने औद्योगिक संस्थाओं के द्वारा विभिन्न तरह से मदद एवं सी.एस.आर. मद से कोरोना मरीजों के इलाज के लिए दी गई स्वीकृत के लिए धन्यवाद दिया।

नक्सलियों ने एक एसआई का किया अपहरण

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के चेरपाल से बुधवार शाम 04 बजे नक्सलियों ने एक एसआई का अपहरण कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक मुरली ताती अपने गृहग्राम गंगालूर आया हुआ था। वह घर से निकलकर चेरपाल की ओर जाने के दौरान बाइक में उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी था। जैसे ही दोनों चेरपाल के पास पहुंचे उन्हें नक्सलियों ने रोक लिया और मुरली ताती को अपने साथ ले गए।

एसआई के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। सलवा जुडुम के दौरान वह बतौर एसपीओ में शामिल हुआ था, प्रमोशन के बाद वह बतौर उपनिरीक्षक जगदलपुर पुलिस लाइन में पदस्थ था। जवान के अपहरण की बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप ने पुष्टि की है।

गौरतलब है कि लगातार नक्सली इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, नक्सलियों ने 19 अप्रैल को सुकमा में दो युवकों को पहले अगवा किया, फिर उसकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों युवकों के परिवार वाले पुलिस विभाग से जुड़े थे। इससे पहले नारायणपुर में 17 अप्रैल को नक्सलियों ने अबूझमाड़ के ग्राम पंचायत सचिव हरक चौधरी की निर्मम हत्या कर दी थी।

पत्नी का इलाज कराने आए व्यक्ति का बैग व मोबाईल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पत्नी इलाज कराने आये व्यक्ति का किसी ने बैग व मोबाईल चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट मौदहापारा थाने में शिकायत दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भैरवपुर सांकरा महासमुंद निवासी दयानंद नायक 40 वर्ष थाने में शिकायत दर्ज करायी है। 14 अप्रैल को ममता अस्पताल जवाहरनगर मौदहापारा में प्रार्थी अपनी पत्नी को कोरोना संक्रमित होने पर भर्ती किया था। इलाज के दौरान रोज अस्पताल परिसर में ही सो रहा था ,17 अप्रैल को रात 01 बजे रात में अस्पताल परिसर में सोया हुआ था तभी किसी ने सिराने रखा हुआ एक बैग जिसमें इलाज के लिये कुछ पैसा रखा हुआ था एवं बगल में ही वीवो प्रो.मोबाईल कीमत 10 रुपये को चोरी कर लिया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में कोविड नियंत्रण कक्ष की स्थापना

» विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को भेजा पत्र

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा चरणदास महंत ने प्रदेश में कोविड-19 महामारी की द्वितीय लहर के संक्रमण से बचाव हेतु हरसंभव उपाय करने एवं अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कराने के साथ ही अधिकाधिक संख्या में कोरोना टेस्ट कराने एवं उन्हे टीकाकरण हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने हेतु प्रदेश के सभी विधायकों को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने-अपने क्षेत्र की जनता को सुरक्षित और जागरूक करें।विधानसभा अध्यक्ष ने अपने पत्र में समस्त सदस्यों से अनुरोध किया कि जिस तरह से हम सभी की सक्रिय भागीदारी एवं समन्वित सहयोग से हमने कोविड-19 की प्रथम लहर का साहस पूर्वक सामना किया था उसी तरह पूरे आत्मविश्वास एवं जनता की जागरूकता के माध्यम से हम सब कोविड-19 के द्वितीय लहर की विपदा की इस घड़ी में प्रदेश की जनता को सुरक्षित रख पाने में अवश्य सफल होंगे। डॉ महंत के निर्देशानुसार पूर्व वर्ष की तरह इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में कोविड-19 हेतु समन्वय तथा सहयोग के लिए नियंत्रण-कक्ष की स्थापना की गई है।

94 से कम आया आक्सीजन सैचुरेशन तो तुरंत हास्पिटल में एडमिट होइये, रिकवरी की संभावना होगी अधिकतम

दुर्ग (आरएनएस)। पुरानी कहावत है कि नीम हकीम खतरे जान। फिर कोविड जैसी बीमारी, ऐसे में यदि किसी मरीज के परिजन डॉक्टर की सलाह की उपेक्षा कर मरीज के ट्रीटमेंट पर अपना निर्णय लें तो मरीज की रिकवरी के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। कोविड पर शासन की गाइडलाइन है कि 94 से कम आक्सीजन सैचुरेशन आने पर मरीज को हास्पिटल की देखरेख में रखा जाना ही उसके स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। इस संबंध में होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर की प्रभारी मेडिकल आफिसर डॉ. रश्मि भुरे ने विस्तार से जानकारी दी कि किस तरह होम

आइसोलेशन की गाइडलाइन का पालन कर कोविड से रिकवरी का रास्ता सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों को लगातार आक्सीजन सैचुरेशन की जाँच करनी है और 94 से कम आते ही काउंसलर को जानकारी देनी है तथा हास्पिटल में एडमिट होना है। ऐसा करने से रिकवरी की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि देखा गया है कि कुछ मामलों में मरीज के परिजन आक्सीजन लेवल डाउन होने पर घर में ही आक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था में लग जाते हैं जबकि हास्पिटल में आक्सीजन बेड्स के साथ ही मेडिकल सुपरविजन भी होता है और मरीज की मेडिकल हेल्थ के मुताबिक दवा भी दी जाती है। मरीज का आक्सीजन लेवल डाउन होने के साथ ही उनके इलाज के लिए डॉक्टर एंटीबायोटिक और स्टेराइड प्लान करते हैं घर में इस तरह का प्लान संभव ही नहीं है जिसके कारण से पेशेंट की स्थिति बिगड़ जाती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुं सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैल करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल भिन्नों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU